डोंगरगढ़ पदयात्रियों की सुविधा के लिए निरंतर की जा रही सफाई व्यवस्था

भिलाईनगर। शरद नवरात्रि में डोंगरगढ़ बम्लेश्वरी माता के लिए पदयात्री पैदल ही निकलते है। उसको देखते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त बजरंग दुबे के निर्देशानुसार जिस मार्ग से पदयात्री जा रहे है। वहां पर सफाई व्यवस्था को व्यवस्थित की जा रही है। रोज वहां पर नियमित झाडू लग रहा है, आवश्यकतानुसार पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है। जिससे पदयात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। सब आराम से दर्शन कर सके। इसके साथ ही नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी दुर्गा पंडालो की साफ–सफाई एवं आवश्यकतानुसार घुलाई के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किये है। जो प्रतिदिन जाकर साफ–सफाई करते है। आवश्यकतानुसार पंडाल की चारो तरफ घुलाई भी की जा रही है। विधायक एवं महापौर ने सभी श्रद्वालूओ से अपील की है कि स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए आप अपनी पदयात्रा पूर्ण करें। नगर निगम का पूरा प्रयास है, आप को किसी प्रकार की तकलीफ न हो। शहर में भी दर्शन करने वाले लोग यातायात नियमो का पालन करें। नगर निगम भिलाई के द्वारा डबरा पारा खुर्सीपार, चंद्रा मोर्या टाकिज, सुपेला घड़ी चौंक, नेहरू नगर चौंक होते हुए बटालियन तक सफाई व्यवस्था सुदृड़ किया गया है। डस्ट बिन की भी व्यवस्था किया गया है, उसी में कचरा फेकना है, इधर–उधर न फेंके। इस कार्यवाही में जोन के स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, विरेन्द्र बंजारे, अंकित शक्सेना की डयूटी लगाई गई है। जिन्हे अपने अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था करवानी है। इसक उददेश्य यही है कि नवरात्रि पर्व पर किसी प्रकार का असुविधा न हो।